**प्रेस नोट दिनांक : 10.09.2026**

थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना फतनपुर पुलिस द्वारा सर्विलांस टीम के सहयोग से चोरी के ई-रिक्शा की बरामदगी करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतनपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना फतनपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 220/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी के 01 अदद ई-रिक्शा को बरामद करते हुए प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों रिषभ उर्फ ऋषि पटेल एवं दीपक पटेल को मुखबिर खास की सूचना पर नर्सिंहपुर, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया। विवेचना एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
थाना फतनपुर पर दिनांक 20.08.2026 को वादी मजनू उमर वैश्य, निवासी रामापुर गौरा, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ की तहरीर पर मु0अ0सं0 220/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। वादी के अनुसार दिनांक 18.08.2026 को रिकवरी एजेंट द्वारा छुड़वाकर घर के पास खड़ा कराया गया अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
1. रिषभ उर्फ ऋषि पटेल पुत्र शिवमूर्ति उर्फ गोले, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम कसेरुआ, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़।
2. दीपक पटेल पुत्र लालता प्रसाद, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम कसेरुआ, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी का विवरण-
1. 01 अदद चोरी का ई-रिक्शा।

विशेष सहयोग सर्विलांस टीम-
1. उ0नि0 श्री अजीत कुमार सिंह
2. का0 सनोज कुमार

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 राजनाथ यादव मय हमराह का0 आशुतोष तिवारी, का0 देवेन्द्र कुमार, रि0का0 अर्पित गुप्ता, रि0का0 सुशील कुमार, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़।

थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़

थाना कुण्डा पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद एवं 03 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुण्डा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कुण्डा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 339/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों विवेक यादव, संजय यादव एवं विकास यादव को गिरफ्तार करते हुए चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस बरामद की गई। विवेचना एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
थाना कुण्डा पर दिनांक 09.09.2026 को वादी श्री शिव प्रसाद पटेल, निवासी ग्राम लरू, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 339/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। वादी के अनुसार दिनांक 08.09.2026 को मनगढ़ मंदिर के स्टैंड पर खड़ी कर दर्शन हेतु गए थे। दर्शन के पश्चात वापस आने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली।

बरामदगी एवं विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
1. विवेक यादव पुत्र संतलाल यादव, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी सराय भागमानी, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़।
2. संजय यादव पुत्र घेऊ, उम्र करीब 31 वर्ष, निवासी सराय भागमानी, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़।
3. विकास यादव पुत्र सीताराम यादव, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी सराय भागमानी, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी का विवरण-
1. 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 विनय वर्मा मय हमराह का0 विनोद कुमार का0 अतुल का0 प्रवीण कुमार थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़।

थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारंटी के दौरान मा0 न्यायालय चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-24, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू केस संख्या 250/21,धारा 380/458 भादवि, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़, राज्य सरकार बनाम मुनीर अहमद से सम्बन्धित 01 वारण्टी अभियुक्त मुनीर अहमद पुत्र स्व0 विशाल अहमद, नि0 शेखपुर कीमुद्दीन, थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज, हाल पता ग्राम लाल साहब का पुरवा, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़, को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. मुनीर अहमद पुत्र स्व0 विशाल अहमद, नि0 शेखपुर कीमुद्दीन, थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज, हाल पता ग्राम लाल साहब का पुरवा, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 रोहित यादव मय हमराह उ0नि0 अरुण कुमार सिंह, कां0 राजेश प्रजापति, कां0 सौरभ यादव, म0का0 श्रुतिका सिंह एवं म0का0 खुश्बू चौरसिया, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़।